## सार-समाचार

### एम बी इंटरनेशनल स्कूल का दसवीं व बारहवीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा

**कोटा,** (निसं)। एम बी इंटरनेशनल स्कूल का दसवीं व बारहवीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा। निदेशक दिनेश विजय के अनुसार बारहवी के परिणाम शानदार रहे। छात्र रिद्दम केडिया ने 97.8 प्रतिशत, आदि जैन ने 97.2 प्रतिशत अंक, दक्षित, तन्य ने 97 प्रतिशत, जी कृष्ण तेजा ने 97 प्रतिशत , मेदिनी , निधि, तथा, राज, आश्रित ने 96.8 प्रतिशत अंक हासिल कर उच्च स्थान पर रहे। इन्ही विद्यार्थी में से आदि जैन, रिद्दम केडिया, तथा, जी कृष्णा तेजा, ने रसायन विज्ञान में 100 में से 100 अंक लाकर विशिष्ठ स्थान बनाया है। दक्षीत व तन्य ने गणित विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। विभा वेणिराज ने जीव विज्ञान में 100 में 100 अंक प्राप्त कर अपना स्थान बनाया। 15 विधार्थियो ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किऐं। दिनेश विजय के अनुसार दसवीं का परिणाम भी बेहतर रहा। आस्था मीणा ने 94 प्रतिशत, रोहित सुमन ने 93.4, वंदन जैन 92.2, दिव्यम गोयल 91.8, दिव्यांशी मीणा ने 91.2, अल्का कुमारी और अक्षांश अग्रवाल 90.2 प्रतिशत अंक हासिल किया। इस अवसर पर ढोल-बजाकर स्कूल के बाहर आतिशबाजी की गई। प्राचार्या अनुराधा और निदेशक शुभम ने सभी सफल विधार्थियों का मुंह मीठा करवाकर बधाई दी। इस अवसर पर स्टॉफ ने डांस कर उत्सव सा माहौल बना दिया।

### कार्यक्रम को जन अभियान बनाया जायेगा

**कोटा,** (निसं)। कोटा जिले में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नवाचार करते हुए जिले में जिला कलक्टर रविन्द्र गोस्वामी की पहल पर वर्षा ऋतु के आगमन के साथ चार लाख बारह हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसकी शुरूआत मंगलवार को जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक कुमार त्यागी ने भूमि पूजन के साथ इटावा क्षेत्र में पौधा रोपण के लिए गढ्ढे खोदने के साथ की गयी। सीईओ त्यागी ने बताया कि जिले में पंचायत समिति इटावा में साठ हजार, सांगोद, खैराबाद व सुल्तानपुर में चालीस-चालीस हजार तथा पंचायत समिति लाड़पुरा में बीस हजार पौधों के लिए गढ्ढे खोदने का कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होनें यह भी बताया कि अभियान के तहत कई नवाचारों को भी शामिल किया जाएगा। इसके तहत नरेगा श्रमिकों को पौधे गोद दिए जायेगें। साथ ही आम ग्रामीण पौधे गोद लें ऐसा वातावरण तैयार किया जावेगा। उन्होनें बताया कि पौधों को लगाना एक सहज प्रक्रिया है लेकिन उन्हें विकसित करना उनका लक्ष्य है, इसलिए यह जरूरी है कि स्थानीय व्यक्ति यदि उनको संरक्षण देगें तो उन्हें विकसित किया जा सकेगा। सरकार की मंशा भी यही है कि इस अभियान को जन अभियान बनाया जावे।

### रेल प्रशासन ने कोटा-इटावा एक्सप्रेस के यात्री का छूटा बैग वापस दिलाया

**कोटा,** (निसं)। रेल प्रशासन यात्रियों को गन्तव्य तक सुरक्षित पहुंचाने के साथ-साथ कई सराहनीय कार्य जैसे-जान बचाना, सहायता करना, छूटा बैग वापस दिलाना, कीमती सामान एवं दस्तावेज वापस दिलाने इत्यादी करती है। जिसका सकारात्मक प्रतिकिया आमजनता द्वारा मिलता है एवं रेलकर्मचारियों का सराहनीय कार्य के प्रति मनोबल बढ़ता है। इसी क्रम में 13 मई को सुरक्षा नियंत्रण कक्ष को सूचना मिली कि गाड़ी संख्या 19811 कोटा-इटावा एक्सप्रेस के वरूण नाम के यात्री का एक काले रंग का ट्रॉली बैग कोटा रेलवे स्टेशन के प्लेटफ़ॉर्म संख्या 4 पर छूट गया है। उक्त सूचना पर रेल सुरक्षा बल के जवान सहायक निरीक्षक मनोज कुमार ने प्लेटफ़ॉर्म संख्या 4 पर सर्च कर सुरक्षित बरामद किया एवं यात्री को सूचित किया गया बाद यात्री के उपस्थित होने पर समक्ष पंचान सत्यापन पश्चात सुपुर्दगीनामा तैयार कर ट्रॉली बैग को सही सलामत सुपुर्द किया। यात्री द्वारा ट्रॉली बैग की कीमत 5000 रू बताई। यात्री बैग वापस पाकर अति प्रसन्न हुआ उसने इस सराहनीय कार्य के लिए रेल प्रसाशन का आभार व्यक्त किया।

### बास्केटबॉल टूर्नामेंट का समापन

**झालावाड़** (निसं)। विजया राजे सिंधिया खेल संकुल परिसर के बास्केटबॉल कोर्ट में जिला बास्केटबॉल संघ के तत्वाधान में हुए दो दिवसीय झालावाड सिटी 3 3 बास्केटबॉल टूनामेंट सीजन 2 का समापन देर रात समापन हुआ सचिव जुबेर खान ने बताया कि सीनियर व जूनियर वर्ग के लिए उज्जैन, कोटा, बारां, झालावाड, भीलवाडा, जोधपुर, बूंदी, चित्तौडगढ़ की टीमो ने भाग लिया जिनके मध्य 36 मैच खेले गए जिसके पूर्व ओलिंपिक संघ झालावाड के अध्यक्ष दिनेश सक्सेना को श्रद्धांजलि अर्पित की गई । टूनामेंट के फाइनल मैच में सीनियर वर्ग में कोटा की टीम ने झालावाड को 18-10 से वहीं जूनियर वर्ग में रोमांचक मुकाबले में भीलवाड़ा ने बारां को 12-11 से शिकस्त दी।

### आज विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**रामगंजमंडी** (निसं)। शहर में हाउसिंग बोर्ड जीएसएस के आनंद विहार फीडर पर 15 मई बुधवार को आवश्यक रखरखाव कार्य किया जायेगा।जिस कारण 11 केवी आनंद विहार फीडर की विद्युत आपूर्ति बुधवार सुबह 09 बजे से दोपहर 12 बजे तक बंद रहेगी। उक्त जानकारी देते हुए चौथमल जारवाल सहायक अभियंता जयपुर डिस्कॉम रामगंजमंडी ने देते हुए बताया कि ऐसे में आनंद विहार कॉलोनी रैदास कॉलोनी द्वारका कॉलोनी श्रीजी नगर आदर्श नगर व आनंद विहार फीडर से जुड़ी समस्त कॉलोनियों की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

### बालिका गृह में समर कैम्प आयोजित

**कोटा,** (निसं)। राजकीय बालिका गृह नांता में 10 से 13 मई तक शक्ति सरोवर कमला उद्यान कुन्हाडी द्वारा समर कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में शब्दों का जादू, सच्चाई, सफाई, आज्ञाकारिता, समय का मूल्य आदि विषय पर चर्चा की गई। अधीक्षक राजकीय बालिका गृह बाल अधिकारिता विभाग ने बताया कि कैम्प की समाप्ति पर ड्राईंग, पेंटिंग, डांस, फैन्सी ड्रेस आदि प्रतियोगिताएं आयोजित करवायी गयी तथा आयोजक शक्ति सरोवर कमला उद्यान कुन्हाडी द्वारा विजेता बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया।

# पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए चोरी हुए ट्रक को बरामद किया

**रामगंजमंडी** (निसं)। स्थानीय पुलिस ने मंगलवार को त्वरित कार्यवाही को अंजाम देते हुए चोरी हुए ट्रक को मात्र एक घंटे के भीतर मय मुल्जिम बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। उक्त जानकारी देते हुए करन शर्मा पुलिस अधीक्षक जिला कोटा ग्रामीण ने बताया लोकसभा चुनाव 2024 में आचार संहिता के दौरान पुलिस थाना रामगंजमंडी पर 14 मई 2024 को फरियादी सुरेन्द्र सिंह झाला ने एक ट्रक चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवायी थी।जिसमें थाना रामगंजमंडी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये एक घंटे के भीतर ट्रक को बरामद करने में सफलता प्राप्त की गयी है।



रामगंजमंडी पुलिस ने कार्यवाही करते हुये ट्रक चोरी के आरोपी को गिरफ्त में लिया।

फरियादी सुरेन्द्र सिह झाला पुत्र भगवान सिह झाला जाति राजपुत उम्र 47 साल निवासी हाउसिंग बोर्ड कोलोनी थाना रामगंजमण्डी जिला कोटा ने उपस्थित थाना होकर एक लिखित रिपोर्ट दी कि मेरे पास एक ट्रक जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर 26 4414 है। ट्रक को मेरा ड्राइवर रामेश्वर मीणा निवासी राजुखेडा चलाता है।

आज रात को करीब 09 बजे कुदायला से फतेहपुर जा रहा था जो कि रास्ते मे चाईना टाउन होटल सुकेत रोड के पास गाडी को खडा करके मेरे घर हाउसिंग बोर्ड मे डीजल के लिये पैसे लेने आया था। वह वापस गाडी के पास आया जहा उसे रोड पर गाडी नहीं मिली। गाडी को आस पास काफी तलाश के बाद भी गाडी नही मिली। गाडी को कोई अज्ञात चोर चोरी करके ले गया।इत्यादि तहरीरी रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या 190/2024 धारा 379 भादस में दर्ज कर अनुसंधान सुरेश कुमार उनि द्वारा प्रारम्भ किया गया।

ट्रक चोरी की घटना की जानकारी पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटा ग्रामीण रविन्द्र सिंह के सुपरविजन मे नरेन्द्र कुमार पारीक वृताधिकारी वृत्त रामगंजमण्डी के निर्देशन में रामनारायण भंवरिया पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में टीम थाना स्तर की टीम का गठन किया जाकर टीम को कस्बा रामगंजमंडी, सुकेत, मोडक, चेचट रवाना किया गया। टीम द्वारा उक्त ट्रक की तलाश हेतु सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चैक कर,आसूचना तंत्र से सूचना एकत्रित कर चोरी हुये ट्रक को मात्र घंटे के भीतर रामगंजमंडी के पास से मय मुल्जिम नन्दलाल ऐरवाल से बरामद करने में सफलता प्राप्त की गयी है।

**गिरफ्तार मुल्जिमः-** नन्दलाल पुत्र लक्ष्मण जाति ऐरवाल (50) निवासी गुणदी थाना मोडक है।

# दोस्तपुरा सिविल लाइन में श्रीमद् भागवत कथा जारी

**कोटा,** (निसं)। दोस्तपुरा सिविल लाइन में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में मंगलवार को सती चरित्र, ध्रुव चरित्र एवं अजामिल आख्यान का आयोजन किया गया। मां दुर्गा नवयुवक मंडल द्वारा श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानामृत सप्ताह महोत्सव के तहत कथावाचक आचार्य चंद्रशेखर शर्मा व्यास पीठ से अपनी अलौकिक भावमयी वाणी से कथा का श्रवण करा रहे हैं।

कथा को सुनने के लिए सैकड़ों श्रद्धालु भीषण गर्मी में भी धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं। चन्द्रशेखर शर्मा ने कथा का वाचन करते हुए माता सती की कथा सुनाई और कहा कि सती के पिता दक्ष ने एक विशाल यज्ञ किया था और उसमें अपने सभी संबंधियों को बुलाया, लेकिन बेटी सती के पति भगवान शंकर को नहीं बुलाया। जब सती को यह पता चला तो उन्हें बड़ा दुख हुआ और उन्होंने भगवान शिव से उस यज्ञ में जाने की अनुमति मांगी, लेकिन भगवान शिव ने उन्हें यह कहकर मना कर दिया कि बिना बुलाए कहीं जाने से इंसान के सम्मान में कमी आती है। लेकिन माता सती नहीं मानी और राजा दक्ष द्वारा आयोजित यज्ञ में पहुंच गई। वहां पहुंचने पर सती ने अपने पिता सहित सभी को बुरा भला कहा और स्वयं को यज्ञ अग्नि में स्वाहा कर दिया। जब भगवान शिव को ये पता चला तो उन्होंने अपना तीसरा नेत्र खोलकर राजा दक्ष की समस्त नगरी तहस-नहस कर दी।

महाराज श्री ने ध्रुव कथा का भी मनमोहक प्रस्तुतिकरण किया, कथा के दौरान भगवान शिव शंकर और माता सती के जयकारे गुंजाएमान रहे। अतिथियों द्वारा आरती की गई। आयोजन बृजमोहन नामा एवं श्याम नामा वरिष्ठ उपाध्यक्ष मानव कल्याण समिति कोटा ने बताया कि इस दौरान माता सती और भगवान भोलेनाथ की मनोहारी झांकी बनाई गई। नामा ने कहा बुधवार को प्रहलाद चरित्र, गजेंद्र मोक्ष, वामन अवतार और राम कथा का आयोजन संगीत में रूप से किया जाएगा। नवयुवक मंडल के अध्यक्ष अजय भान सिंह शक्तावत ने बताया कि आचार्य पंडित चंद्रशेखर शर्मा द्वारा 12 में से 18 मई तक श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है। मां दुर्गा नवयुवक मंडल के उपाध्यक्ष चंचल नामा ने बताया कि भागवत कथा में सैकडों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

# 'मनुष्य जीवन बहुमूल्य है, इसे व्यर्थ ना गंवाओ, मनुष्य जन्म की कीमत को समझें'

**कोटा,** (निसं)। बाबा जयगुरूदेव संगत हाड़ौती संभाग द्वारा चम्बल गार्डन स्थित छप्पनभोग परिसर में सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग में पूरे हाड़ौती संभाग से धर्मप्रेमी शामिल हुए। सत्संग में बाबा उमाकान्त महाराज ने कहा कि गृहस्थी के जंजाल में आदमी इतना फंस गया है कि आदमी उसके जंजाल से निकल नहीं पा रहा है। सत्संग ना मिलने के कारण जो असली चीज जो है उसको लोगों ने छोड़ दिया है। कोई कितना ही रूपया पैसा इकट्ठा कर ले, वो काम नहीं आएगा। असली चीज हमेशा काम आती है। ना काम आने वाली चीज दुनिया, धन-दौलत, घर-मकान, रूपया-पैसा, बाल-बच्चे ये सब आखिरी वक्त पर काम नहीं आते।

आज आदमी का लालच इतना बढ़ गया है कि एक मकान होते हुए भी दस मकान की चाहत रखता है, दस एकड़ जमीन है तो पचास एकड़ हो जाए, एक दुकान है तो चार दुकान हो जाए, दुकान है तो कल कारखाना लग जाए, छोटी कुर्सी मिल गई तो उससे भी बड़ी कुर्सी मिल जाए। इसी के चक्कर में आदमी अपने जीवन का अमूल्य समय बर्बाद कर रहा है। सत्संग ना मिलने व सत्संगों में ना आने के कारण आदमी को ये मालूम ही नहीं है कि मनुष्य शरीर किसलिए मिला है और इसकी कीमत कितनी है, आदमी तो यही सोच रहा है कि खाओ-पीओ, मौज करो और दुनिया संसार से चले जाओ, जैसे पड़ौसी जा रहे है, जैसे बाप-दादा चले गए। इसी तरह से चले जाओ। यही काम तो पशु और पक्षी भी करते हैं, वो भी खाते हैं, सोते हैं, बच्चा पैदा करते हैं और संसार से चले जाते हैं, वही काम अगर आदमी भी करे तो आदमी में और पशु-पक्षी में अंतर क्या रह जाएगा। तो फिर ये दिल-दिमाग और बुद्धि बनाने की उस ईश्वर को क्या जरूरत थी। जो आदमी सोच सकता है, कर सकता है उसको जानवर नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि आज समाज में युवा वर्ग नशे की लत में पड़ गया है, नशे के कारण आज घर-परिवार बर्बाद हो रहे हैं।

# सी.बी.एस.ई. परीक्षा में एम.पी.एस. के उत्कृष्ट परिणाम

**कोटा,** (निसं)। श्रीनाथपुरम स्थित माहेश्वरी पब्लिक स्कूल (एमपीएस) में सी.बी.एस.ई. द्वारा घोषित परिणामों में कक्षा 10 वीं व कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बेहतरीन रहा।

माहेश्वरी पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला ने सभी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट परिणामों के शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सफलता सीढ़ियों की तरह होती है जिन्हें एक-एक करके चढ़ना होता है। प्रत्येक छोटी सफलता हमें अगली सीढ़ी पर चढ़ने में मदद करती है। यह एक निरंतर यात्रा है जहां हमें सीखने और विकसित होने के अवसर मिलते हैं।

आज परिणामों की सफलता के साथ, सकारात्मक दृष्टिकोण में अपने अगले लक्ष्यों को तय कर उन्हे पूरा करने में जुट जाए। बिरला ने कहा कि बेहतरीन रिजल्ट के लिए पूरी लगन और मेहनत से अध्यापन करवाले वाले विद्यार्थी व शिक्षक जिनकी उनकी निष्ठा, समर्पण और मार्गदर्शन के शानदान परिणाम प्राप्त हुए है वह बधाई के पात्र है।

बिरला ने अभिभावकों को धन्यवाद प्रेषित करते हुए कहा कि जिन्होंने एमपीएस पर भरोसा व विश्वास रखा वह अभिभावक भी शुभकामनाओं के पात्र है। स्कूल के प्रशासक राजेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि इस वर्ष स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल के छात्र समर्थ माहेश्वरी ने कक्षा 12 (विज्ञान वर्ग) में 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वाणिज्य वर्ग में राधिका माहेश्वरी ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कला वर्ग में रियांशी जायसवाल ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान अर्जित किया। (कला वर्ग) ड्राॅइंग एवं पेंटिंग विषय में कनक कजोटिया, राजनीति विज्ञान में रियांशी जायसवाल एवं (विज्ञान वर्ग) गणित विषय में समर्थ माहेश्वरी ने 100 में से 100 अंक प्राप्त कर कीर्तिमान स्थापित किया।

स्कूल के प्राचार्य अमित कुमार शर्मा ने बताया कि कक्षा 10 वीं में अविशा विजय ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान, गोपाल केड़िया ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा प्रणय जैन ने 90.6 प्रतिशत अंको से तृतीय स्थान अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

इस अवसर पर स्कूल के अध्यक्ष राजेशकृष्ण बिरला, उपाध्यक्ष नन्द किशोर काल्या, मंत्री बिठ्ठल दास मूंदड़ा, सहमंत्री घनश्याम मूंदड़ा, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार शारदा, स्कूल के प्रशासक राजेन्द्र कुमार जैन एवं प्राचार्य अमित कुमार शर्मा ने एमपीएस के छात्रों की इस उपलब्धि पर उनको बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई 16 मई को

**कोटा,** (निसं)। जिला स्तरीय जनसुनवाई जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में गुरूवार 16 मई को प्रातः 10 बजे भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र कलेक्ट्रेट में आयोजित की जाएगी। जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों की व्यक्तिगत सुनवाई प्रातः 11 से दोपहर 3 बजे तक की जाएगी। जिला कलक्टर ने उपखण्ड एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनसुनवाई में वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

**खोया-पाया**

आवास सं. 5 एफ 28 महावीर नगर विस्तार योजना का अदेय प्रमाण पत्र (NO DUES certificate) खो गया है, जिस किसी को भी मिले, कृपया निम्न पते पर संपर्क करे।
नाम-सुरेश कुमार ढींगरा
पता. म.न. 5 एफ 28 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा
मो .9461519425

**राजस्थान सरकार**
**कार्यालय सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, कोटा खण्ड कोटा**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त संबंधित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 17/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री हुकुम चन्द मीणा पुत्र श्री बद्रीलाल मीणा 82 गणेश कालोनी लुहावदा तह पीपल्दा जिला कोटा द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (2) के अंतर्गत प्रन्यास "कमलेश्वर मानव कल्याण संस्थान" मार्केटिंग सोसायटी के सामने खातोली रोड इटावा तह पीपल्दा जिला कोटा के संबंध में पंजीयन हेतु जांच किए जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 07.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया।
प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 09.07.2024 है।

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग कोटा

# 'नॉन फेयर रेवेन्यू रेल राजस्व अर्जित करने का अहम स्त्रोत है'

**कोटा,** (निसं.)। नॉन फेयर रेवेन्यू इन दिनों माल यातायात, यात्री यातायात एवं अन्य कोचिंग रेवेन्यू की तरह ही एक अहम भूमिका निभा रहा है। पश्चिम मध्य रेल में गैर-किराया राजस्व (नॉन फेयर रेवेन्यू) की मद में वर्ष 2023-24 में 27 करोड़ 06 लाख का उल्लेखनीय राजस्व अर्जित किया।

महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन और प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ओमप्रकाश के नेतृत्व में तीनों मण्डलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा के वाणिज्य विभाग द्वारा गैर-किराया राजस्व (एनएफआर) के तहत अतिरिक्त राजस्व बढ़ने के लिए सराहनीय पहल की जा रही है। इसके अंतर्गत पब्लिसिटी, गुड्स शेड और वैगन के सफाई अनुबंध, पार्सल हैंडलिंग अनुबंध, वैगनों पर पेंटिंग, लोकोमोटिव पर विनायल पेस्टिंग (इंजनों पर विज्ञापन), आउट ऑफ होम विज्ञापन होर्डिंग्स, स्टेशन पर रेलवे डिस्प्ले नेटवर्क (आरडीएन), मोबाईल एसेट्स, एटीएम एवं अन्य नई अभिनव गैर किराया राजस्व विचार योजना (एनआईएनएफआरआईएस) को कार्यान्वित करके नॉन फेयर रेवन्यू (एनएफआर) आदि को शामिल किया गया है।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम मध्य रेल में तीनों मण्डलों पर गैर-किराया राजस्व (एनएफआर) के तहत वर्ष 2023-24 में 27 करोड़ 06 लाख का राजस्व अर्जित प्राप्त किया जो कि वर्ष 2022-23 में अर्जित राजस्व 18 करोड़ 40 लाख की तुलना से 47 प्रतिशत अधिक राजस्व कमाया। मण्डल वाइस बात करे तो गैर-किराया राजस्व (एनएफआर) के तहत 'जबलपुर मण्डल' में वर्ष 2023-24 में 15 करोड़ 31 लाख का राजस्व अर्जित प्राप्त किया जो कि वर्ष 2022-23 में अर्जित राजस्व 10 करोड़ 21 लाख की तुलना से 50 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह 'भोपाल मण्डल' में वर्ष 2023-24 में 06 करोड़ 63 लाख का राजस्व अर्जित प्राप्त किया जो कि वर्ष 2022-23 में अर्जित राजस्व 05 करोड़ 55 लाख की तुलना से 20 प्रतिशत अधिक है। इसके अलावा 'कोटा मण्डल' में वर्ष 2023-24 में 05 करोड़ 12 लाख का राजस्व अर्जित प्राप्त किया जो कि वर्ष 2022-23 में अर्जित राजस्व 02 करोड़ 64 लाख की तुलना से 94 प्रतिशत अधिक है।

**चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल माह में 34 लाख रूपये अर्जित किए:-** पमरे में नॉन फेयर रेवेन्यू के अन्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष के अकेले अप्रैल महीने में पब्लिसिटी से 34 लाख रूपये अर्जित किए। जिसमें जबलपुर रेलवे स्टेशन पर मल्टी फंक्शनल कॉम्प्लेक्स हेतु अनुबंध किया गया जिससे रेलवे को प्रतिवर्ष रूपये 27 लाख 51 हजार का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा।

इसी प्रकार पिपरिया रेलवे स्टेशनों पर मल्टी फंक्शनल कॉम्प्लेक्स हेतु अनुबंध किया गया जिससे रेलवे को प्रतिवर्ष रूपये 06 लाख 51 हजार का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा। पश्चिम मध्य रेल आगे भी गैर-किराया राजस्व के अंतर्गत नई अभिनव गैर किराया राजस्व विचार योजना (निनफ्रीस) नीति के तहत नयी-नयी योजनाओं को लागू करने के लिए कृत-संकल्पित है।

## ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों का चक्का जाम 25 से

**कोटा,** (निसं)। कोटा ट्रांसपोर्ट कम्पनीज एसोसिएशन द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर कोटा में बढ़ते अतिक्रमण की समस्या के लिए ज्ञापन नगर विकास न्यास सचिव कुशल कुमार कोठारी को ज्ञापन सौंपा गया।

अध्यक्ष मधुसूदन खण्डेलवाल ने बताया कि यह ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों के माध्यम से सौपा दूसरा ज्ञापन है प्रथम ज्ञापन के बावजूद प्रशासन हरकत में नहीं आया है इसलिए एसोसिएशन के दूसरा ज्ञापन सौप कर, 25 मई तक प्रशासन को चेतावनी दी है यदि अतिक्रमण की समस्या से निजात नहीं मिली तो व्यापारी अपना व्यवसाय ढप कर देंगे। इस अवसर उपाध्यक्ष पंकज बजाज, सचिव प्रमोद गर्ग, कोषाध्यक्ष दीपक बाहेती, संगठन मंत्री सोहन लाल जैन, प्रचार मंत्री अनिल कुमार पांडेय, मुकेश शर्मा, ललित दुआ सहित एसोसिएशन के कई पदाधिकारी एवं 50 से अधिक ट्रासंपोर्ट व्यवासायी उपस्थित थे। उपाध्यक्ष पंकज बजाज ने बताया कि ट्रांसपोर्ट व्यवसायी अतिक्रमण के दंश को सालों से झेल रहे हैं। इस समस्या अब विकराल रूप ले चुकी है।

## गुर्जर समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 16 मई को

**कोटा,** (निसं)। श्री देवनारायण नवयुवक मण्डल देवली अरब मानपुरा बोरखेड़ा द्वारा 16 मई को गुर्जर समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन मानपुरा से देवली अरब 120 फीट रोड़ पर आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र राठौड़ अतरालिया ने बताया कि सम्मेलन में 51 जोड़ों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। सम्मेलन में वर पक्ष से 31 हजार एवं समाज में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश देने के लिए वधु पक्ष को निःशुल्क शामिल किया गया है। मुख्य अतिथि कोटा उत्तर के पूर्व विधायक गुंजल, अध्यक्षता खानपुर विधायक सुरेश गुर्जर, विशिष्ट अतिथि लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी, भाजपा देहात जिलाध्यक्ष प्रेम गोचर, डॉ. बीएल गोचर, युवा नेता शिवराज गुंजल होंगे। संयोजक रामचन्द्र गेदा एवं सह संयोजक रामगोपाल गुर्जर गौड़ ने बताया कि इस पर सम्मेलन में सहयोग देने वाले समाज के भामाशाहों का भी आयोजन समिति द्वारा सम्मान होगा। सम्मेलन को सफल बनाने में गोपाल लाल गोचर, महेश गोचर, गोबरीलाल गोचर, गोपीचंद गुर्जर, केदार लाल गोचर, नन्दलाल कसाणा, लोकेश पोसवाल, नरेश गोचर, रामेश्वर गोचर, महेंद्र गुर्जर, भोजराज गुर्जर, विष्णु परालिया, राजेन्द्र मांगरोल समेत अन्य पदाधिकारी पिछले एक महीने से समर्पित भाव से जुटे हुए हैं।

# एलन उत्सव वाटिका में सन टू ह्यूमन फाउंडेशन का नए दृष्टिकोण वाला शिविर आयोजित

**कोटा,** (निसं)। शहर के सन टू ह्यूमन फाउंडेशन की ओर से कोटा में पहली बार संचालित किया जा रहा निःशुल्क नए दृष्टिकोण वाला शिविर शहरवासियों को एक अलग अनुभूति दे रहा है। रोड नं.1 इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एलन उत्सव वाटिका में 11 से 16 मई तक आयोजित किए जा रहे इस शिविर में रोजाना 2 हजार से अधिक शहरवासी शामिल हो रहे हैं। यहां प्राचीन ज्ञान एवं आधुनिक विज्ञान के समागम से शरीर को स्वस्थ, मन को आनंदित और चेतना की झलक के लिए सही आहार, सही व्यायाम, सही ध्यान के न केवल यूनिवर्सल सूत्र बताए जा रहे हैं।

फाउंडेशन के संस्थापक परम आलय मंगलवार को कोटा पहुंचे। उन्होंने शिविर में कई क्रियाओं के माध्यम से स्वस्थ शरीर के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हमारे शरीर में 21 दिन में लार बदलती है, 120 दिन में रक्त बदलता है और 3 साल में मांसपेशियों में बदलाव हो जाता है। हमारा सात्विक व पौष्टिक आहार के माध्यम से विचारों में शुद्धता लाने का अभियान है। इसीलिए इस शिविर में परिवार सहित शामिल होने का आह्वान किया जाता है ताकि पूरे परिवार के आहार में बदलाव हो सके। आहार भ्रम है और यही यहां समझाया जाता है।



कोटा में नई दृष्टिकोण वाले शिविर का आयोजन किया गया।

वास्तविक जीवन में मनुष्य अपने काम में इतना व्यस्त है कि वो जीवन का उद्देश्य ही भूल चुका है, क्यों जी रहा है, कहां जाना है, कुछ पता नहीं। सुबह होती है और शाम होती है, दिन का काम पूरा होना ही एक सुकून होता है।

हमारे विचारों की शुद्धता में बड़ा प्रभाव आहार का होता है, इसीलिए इस शिविर के माध्यम से सात्विक और पौष्टिक आहार पर जोर दिया जाता हैं। परम आलय ने कहा कि इस शिविर का ध्येय प्रवचन नहीं प्रयोग है। हमें मन की शक्तियों को विकसित करना है। इसके लिए ही हर तरह का प्रयास है। नस-नाड़ियां के लचीलेपन के लिए यहां व्यायाम हो रहा है। श्वास पर नियंत्रण के लिए योग क्रियाएं हो रही हैं और शरीर की स्वस्थता के लिए अदृश्य नाश्ते का आहार दिया जा रहा है, जिससे कि आप पूर्ण स्वस्थता की ओर बढ़ सकें। परम आलय ने इस विषय से संबंधित लोगों की जिज्ञासाएं भी शांत की गई। कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक एलन (मानधना) परिवार के डॉ. गोविंद माहेश्वरी ने बताया कि परम आलय की पहल पर की गई इस शुरुआत के अंतर्गत सम्यक आहार, सम्यक नाभि झटका प्रयोग, सम्यक ध्यान एवं ऊर्जा निर्माण का प्रयास किया जा रहा है। शुरुआत के तीन दिन में 11 से 13 मई तक शरीर की शक्तियों को विकसित करने

- रोजाना दो हजार से अधिक शहरवासी शामिल हो रहे
- सात्विक व पौष्टिक आहार से विचारों की शुद्धता का अभियान

के लिए प्रयोग किए गए। अब परम आलय जी के सानिध्य में योग किए जा रहे हैं। इसके माध्यम से लोगों ने वजन घटाया है और अपनी अनेक शारीरिक एवं मानसिक बीमारियों जैसे हाई ब्लड प्रेशर, थाइरोइड प्रॉब्लम, अस्थमा, डिप्रेशन, हार्ट प्रॉब्लम, माइग्रेन, कॉन्स्टिपेशन को अपने जीवन से बाहर किया है और अपने ब्रेन की शक्तियों को जगा कर जीवन की हर ऊंचाई को सरलता से प्राप्त किया है।

शिविर के एलन मानधना परिवार के अलावा भारत विकास परिषद कोटा, रोटरी क्लब कोटा, स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज, कोटा व्यापार महासंघ, श्रीराम फर्टीलाइजर्स एंड केमिकल लिमिटेड डीसीएम एवं कोटा हॉस्टल एसोसिएशन सहित नगर की प्रमुख संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन किया जा रहा है।

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**
क्रमांक 2008 | जाहिर आम सूचना | दिनांक - 14.5.24

आवास संख्या 6-ए-32 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री घांसी लाल वैष्णव पुत्र श्री हीरा दास वैष्णव को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री घांसी लाल वैष्णव पुत्र श्री हीरा दास वैष्णव द्वारा दिनांक 13.07.2000 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री घांसी लाल वैष्णव पुत्र श्री हीरा दास वैष्णव की मृत्यु दिनांक 06.02.2017 को हो चुकी है। श्री घांसी लाल वैष्णव पुत्र श्री हीरा दास वैष्णव द्वारा इस आवास की वसीयत अपने जीवनकाल में जरिये वसीयत नामा आलेखित कर दिनांक 29.08.2014 को अपनी पत्नी श्रीमती मोहन बाई बैरागी पत्नी स्व. श्री घांसी लाल वैष्णव के पक्ष में आलेखित की गई। श्रीमती मोहन बाई बैरागी पत्नी स्व. श्री घांसी लाल वैष्णव द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उक्त आवास संख्या 6-ए-32 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयतनामा के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयतनामा के आधार पर श्रीमती मोहन बाई बैरागी पत्नी स्व. श्री घांसी लाल वैष्णव के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती मोहन बाई बैरागी पत्नी स्व. श्री घांसी लाल वैष्णव के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती मोहन बाई बैरागी पत्नी स्व. श्री घांसी लाल वैष्णव के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**
क्रमांक 1989 | जाहिर आम सूचना | दिनांक - 14.5.24

आवास संख्या 3-ध-22 विज्ञान नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्रीमती सुशीला विजय पत्नी स्व. श्री बिहारी लाल विजय को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्रीमती सुशीला विजय पत्नी स्व. श्री बिहारी लाल विजय द्वारा दिनांक 28.12.1994 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार श्रीमती सुशीला विजय पत्नी स्व. श्री बिहारी लाल विजय की मृत्यु दिनांक 09.08.2023 को हो चुकी है। श्रीमती सुशीला विजय पत्नी स्व. श्री बिहारी लाल विजय द्वारा इस आवास की वसीयत अपने जीवनकाल में जरिये वसीयत नामा आलेखित कर दिनांक 27.02.2023 को अपनी पुत्री श्रीमती सुनीता विजय के पक्ष में आलेखित की गई। श्रीमती सुनीता विजय पुत्री स्व. श्री बिहारी लाल विजय पत्नी श्री उमेश कुमार विजय द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 3-ध-22 विज्ञान नगर कोटा का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयतनामा के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयतनामा के आधार पर श्रीमती सुनीता विजय पुत्री स्व. श्री बिहारी लाल विजय पत्नी श्री उमेश कुमार विजय के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती सुनीता विजय पुत्री स्व. श्री बिहारी लाल विजय पत्नी श्री उमेश कुमार विजय के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती सुनीता विजय पुत्री स्व. श्री बिहारी लाल विजय पत्नी श्री उमेश कुमार विजय के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा